# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
## आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 20.10.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. प्रदेश भर में आस्था और हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही दीपावली, घरों में पूजा–अर्चना का क्रम जारी : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं।
2. अयोध्या में मुख्यमंत्री ने बाल्मीकि समाज से मुलाकात कर स्वच्छता का दिया संदेश : नाविकों को बांटी मिठाईयां।
3. गोरखपुर के वनटांगिया गांव में वनवासियों के साथ मुख्यमंत्री ने साझा की दीपावली की खुशियां, 49 करोड़ रुपए की 133 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– जनजातियां को सरकार दे रही है सभी जरूरी सुविधाएं।

और

4. इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शिक्षक भर्ती प्रक्रिया का ब्यौरा किया तलब : उत्तर प्रदेश शिक्षक चयन आयोग की भूमिका पर चेयरमैन से मांगी जानकारी।

———————

देश और प्रदेश में आज ज्योतिपर्व दीपावली धार्मिक आस्था और हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रहो है। लोग सुख, सम्पत्ति और धन की देवी मां लक्ष्मी तथा विघ्नविनाशक भगवान श्रीगणेश की पूजा–अर्चना कर समृद्धि की कामना कर रहे हैं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में दीपों और मामबत्तियों की रौशनी से घर–घर जगमग हैं। बाजारो में इमारतों को बिजली की आकर्षक झालरों से सजाया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह अयोध्या के हनुमान गढ़ी और श्रीराम जन्मभूमि में रामलला का दर्शन–पूजन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान श्री योगी ने मात गैड चौराहा स्थित मलिन बस्ती में बाल्मीकि समुदाय के लोगों से मुलाकात कर उन्हें दीप पर्व की शुभकामनाएं देने के साथ–साथ स्वच्छता का संदेश दिया। श्री योगी ने इस दौरान कई सफाईकर्मियों और नाविकों को  मिठाई बांटी।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दीपावली का उत्सव तभी सार्थक होता है जब हर बस्ती और हर घर रौशनी से जगमगाये।

उन्होंने कहा कि त्रेता युग से निषादराज और प्रभु श्रीराम की मित्रता, मानवता और सहयोग की प्रतीक रही है,

दीपोत्सव को उसी भाव से आगे बढ़ाने का अवसर है।

बाइट....

*दीपावली का उत्सव और उमंग तब और अच्छा हो जाता है जब हम सब मिलकर के इन आयोजनों का हिस्सा बनते हैं। आज निषाद बस्ती में दीपावली की मिठाई देने के लिए मैं विशेष रूप से उपस्थित हुआ हूं। दीपावली के आनंद को उत्साह को अपने घर में अपने परिवार में उस हर नागरिक तक पहुंचाइए जो सनातन धर्म के इन परिवारों के प्रति श्रद्धा और अनुराग का भाव रखता है। पर और त्यौहार के पीछे का भाव भी यही है। हम सब मिलकर के इस आयोजन का हिस्सा बने।*

बाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के वनटांगिया गांव के जंगल तिनकेनिया नम्बर तीन में वनवासियों के साथ दीपावली की खुशियां साझा की।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने 49 करोड़ रुपये की 133 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दीप पर्व का महत्व ही यही है कि जहां उजाला नहीं पहुंच रहा हो, वहां एक दीप जरूर जलाएं। श्री योगी ने कहा कि जो लोग अभाव में जिंदगी गुजार रहे हैं उनके साथ न सिर्फ खुशियां मनायें बल्कि उनकी जरूरतों के अनुसार सुविधाएं भी प्रदान करें। ताकि नये भारत और विकसित भारत का सपना मूर्त रूप ले सके।

बाइट....

*डबल इंजन की सरकार ने कि जितने भी बनवासी क्षेत्र हैं, गिरवासी क्षेत्र हैं, जनजातीय समुदाय है, उनको सभी प्रकार की सुविधाओं से आच्छादित करेंगे।मुसहर है, कोल है, थारू है, शहरिया है, गौड़ है, चेरो है, बुक्सा है, इन सभी जातियों को हर प्रकार की सुविधाओं से आच्छादित करके गरीबी रेखा से ऊपर करके समृद्धि को इनके द्वार तक लेकर के जाएंगे और इस संकट के साथ*

*पूरे प्रदेश के अंदर हमारा कार्यक्रम चल रहा है, उस कार्यक्रम में आप भी सहभागी बन सकते हैं।*

मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि, द्वारिकाधीश मंदिर और वृन्दाबन के सुप्रसिद्ध बांके बिहारी जी मंदिर सहित ब्रज के सभी मंदिरों में दीपावली का उत्साह और उल्लास छाया हुआ है। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने बताया कि दीपावली पर प्रमुख मंदिरों में पूजा और अनुष्ठान का क्रम जारी है। दीपोत्सव के दिन जन्मस्थान मंदिर से दीप यात्रा निकलती है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। बाइट...

*मथुरा जो आते हैं, वह जमीन में पधारते ही हैं। तो भव्यता से अटकी गई है और एक विशेष आयोजन हमारे होता है दीपोत्सव यात्रा का। सबसे पहले केशव देव जी में रंगोली और प्रभु के शरण में दीपक जलाए जाते हैं। उसके बाद में जो भी हमारे धर्म मंदिर हैं तो सब जगह दीपक वो यात्रा चलती है कीर्तन करते हुए बैंड बाजे भक्त लोग या बड़ी संख्या में जगह चलते हैं उसमें।*

उधर, चित्रकूट में त्रेतायुग से शुरू हुई दीपदान की परम्परा आज भी जारी है।

पांच दिनों तक चलने वाले दीपावली मेले में अब तक देश के कोने–कोने से आये लगभग बीस लाख श्रद्धालु देव गंगा मंदाकिनी और कामदगिरि पर्वत पर दीपदान कर चुके हैं। विश्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ के रूप में विख्यात चित्रकूट प्रभु श्रीराम की तपोभूमि रही है। वनवास काल का सबसे ज्यादा साढ़े ग्यारह साल का समय उन्होंने कामदगिरि पर्वत पर गुजारा था। दीपावली पर्व के मद्देनज़र प्रदेश भर

में सुरक्षा व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं के विशेष प्रबंध किये गये हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*प्रदेश के प्रमुख सचिव चिकित्सा और स्वास्थ्य अमित कुमार घोष ने दीपावली त्योहार के मौके पर सभी अस्पतालों और मेडिकल कालेजों में इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे चलाने और पर्याप्त संख्या में चिकित्सकों–पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा पटाखों से जलने वाले लोगों, सड़क दुर्घटनाओं, फूड पायजनिंग, आंख की चोट के मरीजों के इलाज की उचित व्यवस्था अस्पतालों में की गई हैं। किसी भी आपातस्थिति से निपटने के लिए लखनऊ के अस्पताल भी पूरी तरह से तैयार हैं। बर्न यूनिट व इमरजेंसी में बेड आरक्षित कर दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह का कहना है कि सभी अस्पतालों, समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दीवाली के चलते विशेष इंतजाम किए गए हैं। दवाओं समेत अन्य जरूरी चीजे मुहैया करा दी गई हैं, ताकि घायलों व पटाखों से झुलसे लोगों को त्वरित इलाज मुहैया कराया जा सके। 108 और 102 एंबुलेंस भी 24 घंटे अपनी सेवाएं देंगी। मुमताज़ अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले महीने की 22 तारीख को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से समाज के सभी वर्गों को लाभ पहुंच रहा है। इस श्रृंखला में पेश है

**संपत्ति क्षेत्र को मज़बूत बनाने में जीएसटी सुधारों की भूमिका पर एक रिपोर्ट...**

*नई जीएसटी सुधारों ने इमारतें बनाने संबंधी आवश्यक सामग्रियों को अधिक किफायती बनाकर और समग्र परियोजना लागत को कम करके रियल एस्टेट क्षेत्र को बढ़ावा दिया है। सीमेंट पर कर की दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है। जिससे देश भर में घरों और बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं के निर्माण की लागत कम हो गई है। इसके अलावा, संगमरमर और ग्रेनाइट ब्लॉकों पर भी जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। जिससे फर्श और फिनिशिंग कार्यों की लागत में कमी आई है। इसी प्रकार रेत–चूने की ईंटों पर अब 12 प्रतिशत के बजाय 5 प्रतिशत की कम दर लागू की गई है। जिससे छोटे पैमाने के निर्माण कार्य अधिक किफायती हो गए हैं। समर्थ की रिपोर्ट के साथ अक्षित वैद्यान, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

——————————

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से शिक्षक भर्ती प्रक्रिया का ब्यौरा तलब किया है। यह निर्देश न्यायमूर्ति प्रवीण कुमार की एकल पीठ ने इस बारे में दाखिल याचिका का संज्ञान लेते हुए दिया है। न्यायालय ने उत्तर प्रदेश शिक्षक चयन आयोग के चेयरमैन से स्पष्ट करने को कहा है कि शिक्षक चयन में आयोग की क्या भूमिका है और किन प्रावधानों के तहत उसे प्राइमरी, जूनियर हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट और उच्च शिक्षा स्तर पर नियुक्तियों का आधिकार हासिल है।

——————————

उत्तर मध्य रेलवे ने छठ पर्व सहित आगामी त्यौहारों के मद्देनज़र विशेष ट्रेन सेवाओं की व्यवस्था की है। ताकि हर यात्री सुरक्षित, सहज और समय पर अपने गंतव्य तक पहुँच

सके। उत्तर मध्य रेलवे द्वारा कुल 44 विशेष गाड़ियों के माध्यम से आगामी दो माह में 650 फेरे लगाए जाएंगे। जिनमें अक्टूबर माह में 374 तथा नवम्बर माह में 276 फेरे शामिल हैं।

————————

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने साल 2024—25 के लिये एमबीबीएस की 10 हजार 625 नई सीटों को मंजूरी दी है। आयोग प्रमुख डॉक्टर अभिजात सेठ ने बताया है कि एमबीबीएस की सीटों की संख्या बढ़कर एक लाख 37 हजार 600 हो जायेगी। जिसमें राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों की सीट भी शामिल है। डॉक्टर सेठ ने बताया कि 41 नये मेडिकल कॉलेज के जुड़ने से देश में चिकित्सा संस्थानों की कुल संख्या 816 हो गई है।

————————

वाराणसी के सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के तुलनात्मक दर्शन एवं धर्म विभाग के प्रोफेसर रजनीश कुमार शुक्ल को इंडोनेशिया के बाली स्थित आई जी बी सुग्रीव स्टेट हिंदू यूनिवर्सिटी ने हिंदू अध्ययन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसिएशन अवार्ड से सम्मानित किया है। विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार है जब किसी विदेशी शिक्षण संस्था ने सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के किसी प्रोफेसर को आधिकारिक रूप से सम्मानित किया है। विश्वविद्यालय के

**जनसंपर्क अधिकारी शशिंद्र मिश्र ने सोमवार को ये जानकारी दी।**

———————————